
## एक नजर में

### वीर दुर्गादास गरबा मंडल समिति का गठन, नवरात्रि की तैयारियों को लेकर राठौड़ समाज में उत्साह



**अलीराजपुर।** आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर राठौड़ समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को राठौड़ समाज धर्मशाला में आयोजित एक सामान्य बैठक के दौरान सर्वसम्मति से वीरदुर्गादास गरबा मंडल समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष महेन्द्र टवली ने की। बैठक में समाजजनों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी गरबा महोत्सव को पारंपरिक भव्यता एवं धार्मिक आस्था के साथ मनाया जाएगा। तय किया गया कि गरबा आयोजन प्रतिदिन रात्रि 9ः00 बजे से 12ः00 बजे तक किया जाएगा। समिति द्वारा बताया गया कि राठौड़ समाज द्वारा बीते 8 वर्षों से यह आयोजन निरंतर सफलतापूर्वक किया जा रहा है, जो अब समाज की एक गौरवपूर्ण परंपरा बन चुका है। मीडिया प्रभारी कांतिलाल राठौड़ ने बताया कि नवगठित समिति मे अध्यक्ष- राजेश सेठ (राठौड़ बस सर्विस),उपाध्यक्ष- कृष्णकांत चौधरी, कोषाध्यक्ष- बद्रीलाल चौधरी, सचिव- सचिन रामेश्वर राठौड़, सह सचिव- पवन संतोष राठौड़ तथा मीडिया प्रभारी कांतिलाल राठौड़ नियुक्त किए गए। इसके पूर्व वीर दुर्गादास समिति के कोषाध्यक्ष राहुल राठौड़ ने 2024 का हिसाब पेश किया गया ..

### स्कूली छात्रा के साथ छेडछाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार

**झाबुआ।** मंगलवार दोपहर शहर के कुम्हारवाड़ा मौहल्ले में ग्राम गोलाछोटी निवासी एक स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने एक युवक रिजवान पिता अब्दुल रशीद को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक के विरूद्ध बालिका से छेड़छाड़ एवं एसटीएससी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले बताया गया कि छात्रा स्कूल से परीक्षा देकर अपने भाई साथ घर लौट रहीं थी, तभी कुम्हार मौहल्ले में चौराहे पर जूते-चप्पल व्यवसायी रिजवान पिता अब्दुल रशीद ने बुरी नियत से लड़की को गलत इशारे करते हुए छेड़छाड़ के प्रयास किए। जिसके बाद छात्रा द्वारा अपने पिता सोहन डामोर को इसकी सूचना दी। सोहन डामोर द्वारा बालिका के साथ पुलिस थाने पर इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाने पर पुलिस ने छेड़छाड़ एवं एसटीएससी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए तत्काल युवक को गिफ्तार किया। लड़की के पिता सोहन डामोर ने बताया कि उक्त युवक आए दिन स्कूल से आने-जाने वाली छात्राओं के साथ इस तरह के कृत्य करता रहता है। जिसकी शिकायत उनकी पुत्री द्वारा पूर्व में भी करने पर नहीं मानने पर अंततः पुलिस थाने पर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

**इनका कहना है**-फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी युवक रिजवान को गिरफ्तार कर लिया है। विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध हुआ है। 10 सितंबर को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**- आरसी भास्करे, थाना प्रभारी, झाबुआ**

### परशुराम सेना ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**झाबुआ।** ग्राम तुरनाल, तहसील खातेगांव जिला देवास स्थित पंचपिंड स्थल के संरक्षण एवं विकास हेतु परशुराम सेना की जिला इकाई ने 9 सितंबर को इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन परशुराम सेना जिलाध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी के नेतृत्व में तहसीलदार सुनिलकुमार डावर को प्रेषित किया गया। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया की खातेगांव के ग्राम तुरनाल में मां नर्मदा के तट पर भगवान परशुराम ने अपनी माता-पिता का पिंडदान किया था। यह पंचपिंड स्थल प्राचीनकाल से सनातन धर्मावलंबियों की आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र रहा है। वर्तमान में मप्र शासन द्वारा नर्मदा नदी पर बांध निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण यह पंचपिंड स्थल डूब क्षेत्र में आ रहा है। करीब 6 माह पूर्व परशुराम सेना द्वारा इस विषय में प्रशासन को अवगत कराया गया था, किंतु अब तक इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि पंचपिंड स्थल का उचित संरक्षण किया जाए।

**धार्मिक एवं सांस्कृति धरोहर को सुरक्षित किया जाए**- इस स्थल को धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के रूप में सुरक्षित किया जाए। इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए, जिससे समस्त सनातनियों की आस्था सुरक्षित रह सके और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिल सके। शासन की सकारात्मक पहल से यह पवित्र धरोहर भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रह सकेगी। ज्ञापन का वाचन परशुराम सेना संरक्षक राजेन्द्रप्रसाद जोशी ने किया। इस अवसर पर परशुराम सेना से जुड़े अश्विन शर्मा, पं. गणेशप्रसाद उपाध्याय, अखिल त्रिवेदी, प्रदीप पंड्या, अमित शर्मा, राजेश शर्मा, गौतम त्रिवेदी, निखिल त्रिवेदी, जितेंद्र नागर, दीप द्विवेदी, चेतन शर्मा, आदि उपस्थित थे।

### माता मरियम के जन्मोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया

**झाबुआ।** कैथोलिक डायसिस झबुआ के थांदला चर्च में माता मरियम के जन्मोत्सव का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। पर्व की तैयारी में नौ दिवसीय नौवेना का आयोजन भी रखा गया। 8 सितंबर की शाम 6 बजे फ. दीनू डामोर के आतिथ्य में मिस्सा पूजा के साथ समारोह प्रारंभ हुआ। थांदला चर्च के पल्ली पुरोहित फ. पीटर कटारा ने मुख्य याजक फ. दीनू डामोर का स्वागत किया।


नवभारत

झाबुआ में ब्यूरो व एजेंसी के लिए संपर्क करें :

संपर्क करें : 84358-90018
98261-60997
0731-4096718


# पुलिस ने लूट की घटना का 24 घंटे में किया खुलासा

**झाबुआ।** बारिश के मौसम में तथा राहजनी लूटपाट के साथ हाट एवं बाजार के क्षेत्र से अपराधियों द्वारा व्यापारियों और बचत समूह माइक्रो फाइनेंस कंपनी द्वारा गांव में दिए गए लोन की रिकवरी करने वाले कर्मचारियों की रेकी कर उनके साथ लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया जाता हैं। बाजारों से दो पहिया वाहन चोरियों की घटनाओं में इजाफा होने से तथा बैतूल-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात में रापी लगाकर छोटे, बड़े वाहनों के टायरो को पंचर कर वाहन वाले लोगों से लूट की घटनाओं का अंजाम दिया जाता है। जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगने शुरू हो गए थे, परंतु पुलिस कप्तान के निर्देशन में हर थाना हर थाना चौकी प्रभारी को इन वारदातों को रोकने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी कड़ी में इस घटना को पेट्रोल चौकी प्रभारी अशोक बघेल के साथ पिटोल चौकी तथा झाबुआ थाना के कर्मचारियों के साथ 24 घंटे में ही इस घटना का घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को मय मशरूका के साथ गिरफ्तार कर लिया। झाबुआ पुलिस टीम द्वारा लार्सन एंड टुब्रो (एलएनटी) फाइनेंस कंपनी मोजीपाड़ा में कार्यरत फील्ड ऑफिसर के साथ हुई लूट की घटना का 24 घंटे में पर्दाफाश कर दिया। **घटना में शामिल आरोपी**- लूट की घटना में हीरा पिता फक्कु निनामा, कमलेश पिता पारिया गुडिया, सुभाष पिता गल्लु निनामा, सुनील पिता जोगडिया गुडिया नि. ग्राम चोरा को गिरफ्तार कर लिया है जबकी अरविंद, नि ग्राम चौरा एवं कालिया नि. ग्राम कोटड़ा फरार है, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।



**लुटेरों से 90 हजार नगदी जब्त किए**-घटना के बारे में बताया कि 7 सितंबर को फरियादी प्रकाश परमार, जो एलएनटी कंपनी में फील्ड ऑफिसर हैं। ग्राम चौरा में रिकवरी के कार्य से लौटते वक्त अज्ञात बदमाशों द्वारा उनके साथ लूटपाट की गई।

> बदमाशों ने फरियादी का बैग जिसमें 1 लाख 26 हजार 810 नकद, बायोमेट्रिक मशीन, कंपनी आईडी व एक मोबाइल 12 हजार का छीनकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया एवं एसडीओपी रूपरेखा यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी झाबुआ रमेशचंद्र भास्करे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई। पूछताछ में मुख्य आरोपी हीरा निनामा ने घटना को स्वीकार किया और साथियों के नाम उजागर किए। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आरोपियों से 90 हजार रूपये नकद जप्त किए गए। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भास्करे, पिटोल चौकी प्रभारी बघेल सउनि. सुरसिंह चौहान, रमेश मिनामा, प्रवीण पाल, नरेन्द्र परमार, प्रआर. दिलीप डावर, मनोहर, महेन्द्रसिंह नायक, सुभाष, आर.. गमतु, अनसिंह, कैलाश, गमतू किराड़े, अजीत, अमरसिंह, कुबेर, नानुराम, गोपाल, अशरफ मानव, अर्जुन, कैदार एवं सायबर टीम झाबुआ का सराहनीय सहयोग रहा।

## मंत्री नागरसिंह और सांसद अनिता चौहान ने की केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात

▶ मजरे टोले रोड जोड़ने में अलीराजपुर झाबुआ रतलाम जिले को प्राथमिकता देने की रखी मांग

**आलीराजपुर। मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनीता चौहान के अथक प्रयासों के चलते भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामों में दूरस्थ बसाहटो को मुख्य सड़कों से जोड़ने अर्थात मजरो टोला में निवासरत ग्रामीणजनों को भी मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए ॐमजरा टोला सड़कॐ की मांग की थी, जिसे मूर्त रूप देते हुए भारत सरकार द्वारा मजरा टोला तक सड़क बनाने का निर्णय लिया था, जिसका निरंतर सर्वे आदि विभागीय कार्य चल रहा है।**

इसी संबंध में मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं रतलाम झाबुआ अलीराजपुर की सांसद श्रीमती अनीता चौहान ने भारत सरकार के कृषि कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से दिल्ली पहुंच कर मुलाकात कर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।



> मंत्री श्री चौहान के विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली स्थित आवास पर हुई सौजन्य भेंट के दौरान कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनीता चौहान ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा करते हुए कहा कि हमारे ग्रामीण बाहुल्य जिलों में ग्रामों में निवासरत ग्रामीण मजरों टोलो में निवास करते है। इस हेतु दोनों ने मजरे टोले जोड़ने के कार्य में अर्थात नवीन सड़कों के निर्माण में अलीराजपुर, झाबुआ एवं रतलाम जिले को प्राथमिकता देने की मांग करते हुए पत्र सौंपा। मंत्री श्री चौहान ने चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि आप हमारे आदिवासी बाहुल्य अलीराजपुर झाबुआ रतलाम जिले की भौगोलिक स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ है। यहां पर बड़ी संख्या में मजरे टोलो में ग्रामीणजन निवास करते हैं। ऐसे में मजरे लोटो तक बनने वाली सड़क ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत लोगों को सीधे शहरों से जोड़ने का कार्य करेंगे। जिससे ग्रामीणों को चिकित्सा, शिक्षा, सुरक्षा एवं संसाधनों की पूर्ति हेतु बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ-साथ समय की भी बचत होगी।

## शिवदयाल सिंह गुर्जर होंगे नए पुलिस कप्तान

**झाबुआ।** प्रदेश में 8 सितंबर को देर रात मप्र शासन गृह विभाग भोपाल द्वारा प्रदेश के 30 और आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। जिसमें जारी आदेश में झाबुआ जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में शिवदयाल सिंह गुर्जर की पदस्थापना की गई है। गुर्जर 14वीं बटालियन ग्वालियर के पुलिस अधिकारी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 8 सितंबर की शाम को जारी आदेश में 30 आईपीएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया था। झाबुआ एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के करीब 2 माह की ट्रेनिंग के लिए बाहर जाने के बाद पुलिस अधीक्षक का दायित्व रघुवंश सिंह भदौरिया को सौंपा गया था। जिन्हें अब अलीराजपुर जिले का एसपी बनाया गया है। अब जिले के नए पुलिस कप्तान के रूप में शिवदयाल सिंह गुर्जर जल्द ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे।





## भागवत कथा का समापन, निकाली शोभायात्रा

**झाबुआ।** झाबुआ विकासखंड के ग्राम पिटोल स्थित राधा कृष्ण मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भागवत कथा का आयोजन किया गया। राधा कृष्ण मंदिर में 1 से 7 सितंबर तक गौ संत श्री रघुवीरदासजी महाराज तलवाडा राजस्थान के मुखारविंद से भागवत कथा अमृत का रसास्वादन श्रोतागण ले रहे थे। कथावाचक ने सात दिनों तक विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। राधा अष्टमी व्रत रखने का महत्व भी उन्होंने बताया। सत्संग शब्द की व्याख्या करते हुए महाराजश्री ने बताया कि संसार को छोड़कर भगवान में मन लगाना ही सत्संग है तथा सत्संग में विवेक होना जरूरी है। प्रणाम का अर्थ है कि मैं आपकी शरण में हूं तथा एक छोटा सा प्रणाम अनेको समस्याओं से मुक्त कर सकता है, अर्थ व अनर्थ की व्याख्या करते हुए बताया कि जो पैसा आपके घर में सुख ना दे सके वह अर्थ नहीं बल्कि अनर्थ है यदि भगवान की कथा मन में बसी रहेगी तो कभी भी अमंगल नहीं होगा। महाराजश्री ने कहा कि महात्मा लोग कभी सोते नहीं है वह तो समाधि अवस्था में लीला करते हैं। विभिन्न अवतारों की कथा के अंतर्गत कपिल अवतार, श्री हरि अवतार, ध्रुव चरित्र, पृथु अवतार, ऋषभदेव अवतार, जड़-भड़त चरित्र, नृसिंह अवतार, वामन अवतार, श्री राम अवतार, परशुराम अवतार, के पश्चात श्री कृष्ण जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ माखन मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। महिलाओं ने गरबा नृत्य का आनंद लिया।

### तीन संतों के प्रवचन का श्रद्धालुओं ने लिया लाभ

राधा कृष्ण मंदिर पर चल रही इस कथा में राजस्थान तलवाड़ा के छीन्च के संत शिरोमणि श्री घनश्याम दासजी महाराज और पीपल खूंटा तपोभूमि के संत शिरोमणि श्री महंतश्री दयारामजी महाराज ने भी अल्प समय के लिए इस कथा में उपस्थिति देकर श्रद्धालुओं को अपने प्रवचन के साथ आशीर्वाद दिया। पीपलखूंटा के संत दयारामजी महाराज ने कहा कि हमारे बच्चों को संस्कार देने के लिए अगली पीढ़ी में धर्म के प्रति जागरण के लिए बच्चों को मोबाइल से दूर रखकर अच्छे संस्कार देने की आवश्यकता है। सनातन संस्कृति को बचाना है तो जो आज की परिस्थितियों में परिवार टूट रहे हैं उनके लिए संस्कारवान होकर धर्म संस्कृति के साथ राष्ट्र प्रेम भी जागना होगा आने वाली पीढ़ी को हमारे सनातनी धर्म शास्त्रों को पढ़ना होगा जिससे हमारे सनातन धर्म की रक्षा हो और सभी एकजुट हो। तबला वादक ओमप्रकाश जेठवा, भजन गायक विपिन भट्ट, भजन तथा कोरस गायक नरेंद्र आचार्य तथा शैलेश भट्ट ने श्रोताओं को खूब झुमाया अंत में आरती प्रसाद के साथ कथा को विराम दिया गया।

### कथा के समापन पर निकाली शोभायात्रा

भागवत कथा के समापन पर पोथी की भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण करवाया गया। सभी श्रद्धालुओं ने संत शिरोमणि श्री रघुवरदासजी को सुसज्जित रथ में बिठाकर ग्राम का भ्रमण करवाया। सभी नगरवासियों को संतश्री ने आशीर्वाद दिया। शोभायात्रा का जगह-जगह हर समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। शोभायात्रा ग्राम का भ्रमण कर पुनः राधा कृष्ण मंदिर पहुंची जहां भगवान की आरती कर सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**एक नजर** ▶ 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन होगा

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी

**झाबुआ।** भाजपा की जिला स्तरीय कामकाजी बैठक 9 सितंबर को भाजपा जिला कार्यालय ग्राम मोजीपाड़ा पर संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया, भाजपा के जिला संगठन प्रभारी हरिनारायण यादव, पूर्व सांसद जीएस डामोर, भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कलसिंह भाबोर एंव भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया मंचासीन थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश शर्मा एवं एलएस नायक की भी उपस्थिति रहीं। प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता, भाजपा के जनक पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामप्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया। स्वागत उद्बोधन भाजपा गौरव खंडेलवाल ने दिया। बैठक में वक्ता के रूप में मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगामी 17 सितंबर को जन्मदिवस आ रहा है, जिसे हम प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन कर उनके दीर्घायु होने की कामना करना है। भाजपा जिला संगठन प्रभारी यादव ने कहा कि सेवा पखवाड़े में जिला भाजपा के साथ मोर्चा, प्रकोष्ठों और मंडलों की भी समान रूप से सहभागिता हो और सभी अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल हो, यह सुनिश्चित किया जाएं। भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के आव्हान पर सेवा सप्ताह पखवाड़ा को भव्य एवं सफल बनाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूरिया ने बताया कि आगामी 12 सितंबर को पेटलावद में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने आ रहे है। साथ ही इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पेटलावद ब्लास्ट कांड में शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी, इस कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में समस्त भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं को अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने हेतु आव्हान किया।



सरकार की योजनाओं से

पूर्व सांसद डामोर ने बताया की भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष में सेवा सप्ताह पखवाड़ा के तहत जो कार्यक्रम एवं गतिविधियां निर्धारित की गई है, वह सभी जिला एवं मंडल स्तरों पर संचालित कर प्रधानमंत्री मोदी एवं संगठन के प्रति अपनी निष्ठा को प्रकट करने में कोई भी कसर

अजजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष भाबर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में लगातार प्रदेश और देश का विकास हो रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का आज हर वर्ग और तबके को पूर्ण रूप से लाभ मिल रहा है। जिसका हमे गांव-गांव फलिये-फलिये तक इस दौरान प्रचार-प्रसार करना भी सुनिश्चत करना है। बैठक को शर्मा, नायक एवं कार्यक्रम संयोजक सोमसिंह सेलांकी ने संबोधित किया। इस अवसर पर सत्येन्द्र यादव, रामेश्वर नायक, विश्वनाथ सोनी, कृष्णपालसिंह गंगाखेड़ी, मनोहर मोदी सहित जिलेभर के भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता, विभिन्न मोर्चो के जिलाध्यक्ष, मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री, नपा, नपं, जनपद एवं जिपं के सदस्यगण आदि उपस्थित थे।